संख्या-1177/2026/443/22-2-2026-17(237)/2026

प्रेषक,

कमलेश कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 *लखनऊ: दिनांक 02 सितम्बर, 2026*

विषय:- जिला कारागार, बस्ती में निरूद्ध सिद्धदोष महिला बन्दी श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री राम प्रताप सिंह, निवासी जनपद-बस्ती की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ अधीक्षक(मु0) कारागार के पत्र संख्या-9469/प्रोबे0-5-दया0 बैठक-09.02.2026, दिनांक 16.03.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, बस्ती में निरूद्ध सिद्धदोष महिला बन्दी श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी श्री राम प्रताप सिंह, ज्ञानपुर, थाना-हरैया, जनपद-बस्ती का निवासी है। महिला बन्दी द्वारा दहेज की माँग को लेकर दिनांक 26.10.2019 को 01 सहअभियुक्त के साथ मिलकर मारपीट कर श्रीमती सुधा सिंह की फॉसी लगाकर हत्या कर दी। उक्त अपराध हेतु एसटीनं0-08/2020 में भा0द0वि0 की धारा-498ए, 306 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश/त्वरित गति न्यायालय द्वितीय, बस्ती के दण्डादेश दिनांक 26.06.2025 द्वारा 05 वर्ष कारावास की सजा से दण्डित किया गया। मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में महिला बन्दी की अपील लम्बित है। महिला बंदी द्वारा दिनांक 05.09.2025 तक अपरिहार 01 वर्ष, 02 माह, 25 दिन तथा सपरिहार 01 वर्ष, 03 माह, 07 दिन की सजा भोगी गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा जेल रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 05.09.2025 तक महिला बन्दी की आयु 65 वर्ष एवं मा0 न्यायालय द्वारा प्रदत्त 05 वर्ष कारावास के सापेक्ष दिनांक 05.09.2025 तक अपरिहार 01 वर्ष, 02 माह, 25 दिन तथा सपरिहार 01 वर्ष, 03 माह, 07 दिन की भोगी गयी सजा के सापेक्ष रिहा होने पर समाज में प्रतिकूल संदेश जाने, महिला बन्दी के स्वास्थ्य की दशा सामान्य होने के दृष्टिगत, सभी बिन्दुओं पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति द्वारा महिला बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, बस्ती में निरूद्ध सिद्धदोष महिला बन्दी श्रीमती सरस्वती देवी (बन्दी संख्या-153/2025) पत्नी श्री राम प्रताप सिंह, निवासी जनपद-बस्ती की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
कमलेश कुमार
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-1177/2026/443(1)/22-2-2026 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- जिला मजिस्ट्रेट, बस्ती।

2- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, बस्ती।

3- निजी सचिव, मा0 मंत्री कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

4- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।

5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभय कुमार त्रिपाठी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।